जिसको न निज, भाषा तथा निज देश का अभिमान है |

वह नर नहीं, नर पशु निरा और मृतक समान है ||

## एम.के. डी.ए.वी. में धूम-धाम से मनाया गया हिंदी दिवस |

आज विद्यालय में हिंदी विषय संवर्धन के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कर हिंदी दिवस मनाया गया। परीक्षा के प्रथम दिन अति व्यस्त कार्यक्रम में भी सूक्ष्म रूप से कार्यक्रम किए गए। विद्यालय वीथिका में शुभकामना पत्र, हिंदी भाषा के स्मरणीय तथ्य एवं संयुक्त राष्ट्र संघ में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी द्वारा व्यक्त उद्गार के चित्र लगाए गए। हिंदी विभाग के द्वारा एक प्रभावशाली पॉडकास्ट का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी हिंदी शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

सभी वक्ताओं ने हिंदी की वर्तमान स्थिति,विद्यालयों में शिक्षण पद्धति के साथ-साथ इसके संवर्धन एवं विस्तार की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। राष्ट्रभाषा के रूप में हिंदी की स्थापना के मार्ग में अवरोधों की चर्चा करते हुए राजनीतिक इच्छा शक्ति एवं सार्वभौमिक प्रयासों पर भी गहन विमर्श हुआ। सभी ने यह स्वीकार किया कि विद्यालय स्तर से उचित प्रयास एवं जन जागरण की शुरुआत ही इस चिर प्रतीक्षा की पूर्णता की कुंजी है।


MK DAV PUBLIC SCHOOL
DALTONGANJ
मनाया गया
हिंदी
भाषा दिवस
14 सितंबर
हिंदी है हमारी पहचान,
यह है देश की शान।
MK D.A.V. PUBLIC SCHOOL
DALTONGANJ
COME TO LEARN
GO TO SERVE
हिंदी
साहित्य
संस्कृति
हमारी विरासत
Estd 1886

# एम. के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज

ESTD. 1886

## हिंदी की जीवंत विरासत के सम्मानित संवाहकों के नाम,

हिंदी है तो हम हैं

हिंदी महज़ एक भाषाई माध्यम नहीं है। यह भारत माता के सांस्कृतिक मुकुट में सुशोभित एक उज्ज्वल रत्न है, जो हमारी अनेक गौरवशाली क्षेत्रीय भाषाओं के साथ सामंजस्य में अपनी आभा **बिखेरता** है। इसके अभिव्यक्तिपूर्ण प्रवाह में हमारा राष्ट्रीय गौरव, शाश्वत सांस्कृतिक मूल्य और अखंड राष्ट्रीय चेतना स्पंदित होती है— जिनमें से प्रत्येक हमारी विशाल सांस्कृतिक स्वर संगति में एक विशिष्ट स्वर का योगदान देता है।



इंद्राणी चटर्जी
(प्राचार्या)

भाषा
संस्कृति
एकता
गौरव
विकास

**राष्ट्रीय हिंदी दिवस** के इस पावन अवसर पर, आइए!
हम इस संस्था के पवित्र प्रांगण से यह संकल्प लें कि राष्ट्र-निर्माण के सशक्त स्तंभों में से एक के रूप में अपनी भाषाई विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करेंगे और भारत की बौद्धिक क्षमता का शाश्वत प्रकाश विश्व के क्षितिज पर फैलाएंगे।

हिंदी दिवस

स्वर्णिम अक्षरों को सादर नमन,

हिंदी
हमारी पहचान
हमारा अभिमान


हिंदी दिवस
१४ सितम्बर

हिंदी दिवस
१४ सितम्बर